दैनिक जागरण - 5-7-13

# चीनी पर आयात शुल्क बढ़ाएगा केंद्र

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** चीनी के बढ़ते आयात से घरेलू कीमतों में कमी का रुझान बन गया है। उपभोक्ता भले ही इससे राहत महसूस कर रहे हों, मगर इसकी वजह से मिलें किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं कर पा रही हैं। इसी आधार पर केंद्र सरकार ने चीनी पर आयात शुल्क पांच फीसद बढ़ाकर 15 फीसद करने की तैयारी कर ली है। फिलहाल चीनी के आयात पर 10 फीसद शुल्क लगता है। खाद्य मंत्री केवी थॉमस ने बताया कि चीनी आयात पर शुल्क के मुद्दे को लेकर गुरुवार को एक बैठक हुई। इसमें उनके अलावा वित्त मंत्री पी चिदंबरम और कृषि मंत्री शरद पवार भी मौजूद थे। इसमें कच्ची और रिफाइंड दोनों तरह की चीनी पर शुल्क बढ़ाने को लेकर सहमति बनी। मिलों ने तो चीनी पर आयात शुल्क 30 से 40 फीसद बढ़ाने की मांग की थी, मगर बैठक में सिर्फ पांच फीसद शुल्क वृद्धि की बात मानी गई। आयात शुल्क बढ़ने से चीनी मिलों को गन्ना किसानों का बकाया चुकाने में सहूलियत होगी। इस बैठक के बाद खाद्य मंत्रालय ने इस शुल्क वृद्धि का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के पास औपचारिक मंजूरी के लिए भेजा है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) की मानें तो देश में इस साल पाकिस्तान से ही अब तक करीब छह लाख टन कच्ची चीनी (रॉ शुगर) और एक लाख टन रिफाइंड चीनी का आयात हो चुका है।